हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 25 मई 2025, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद से लड़ाई में नए उत्साह का संचार किया है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बलों के साहस की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि पूरा देश आज आतंकवाद से लड़ाई में एकजुट और प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि ऑपरेशन सिंदूर केवल सैन्य मिशन नहीं हैं बल्कि राष्ट्र का संकल्प और साहस है। उन्होंने कहा कि इसने पूरे देश में राष्ट्र भक्ति की भावना भरी और देश को तिरंगे की भावना से सराबोर कर दिया।

प्रधानमंत्री ने वोकल फॉर लोकल पर बल देते हुए कहा -

प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि माता-पिता ने अपने बच्चों के लिए केवल भारत में बने खिलौने ही खरीदने का संकल्प लिया है। कुछ परिवारों ने तो देश में ही छुट्टियां बिताने की प्रतिज्ञा भी ली है। अनेक युवाओं ने भारत में ही विवाह करने का संकल्प लिया है और ऐसे अवसरों पर भारतीय शिल्पकारों के बनाए गए उपहारों का ही आदान-प्रदान किया। श्री मोदी ने कहा कि यह जनभागीदारी ही भारत की वास्तविक शक्ति है। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से देश में बने उत्पादों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह केवल आर्थिक स्वावलंबन की बात ही नहीं हैं बल्कि राष्ट्र निर्माण में भागीदारी भी है। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर अलग-अलग संस्थान अपनी तैयारियां साझा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह दिवस हमें दैनिक जीवन में योग को समाहित करने की याद दिलाता है।

श्री मोदी ने लोगों से इस बार भी योग दिवस को रोचक ढ़ंग से मनाने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष वे विशाखापत्तनम में योग दिवस कार्यक्रम में

भाग लेंगे। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि इस बार भी युवा भारतीय विरासत से जुड़े प्रसिद्ध स्थानों पर योग करेंगे। कई युवाओं ने नए रिकार्ड बनाने और योग श्रृंखला का हिस्सा बनने का संकल्प लिया है। श्री मोदी ने कॉरपोरेट जगत के प्रयासों की भी सराहना की। कुछ संस्थानों ने अपने कार्यालयों में योगाभ्यास के लिए स्थान निर्धारित किया है। कुछ स्टार्ट अप्स ने कार्यालय योग घंटे तय किये हैं। ऐसे लोग भी हैं जो गांवों में जाकर योग सिखाते हैं। प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य और फिटनेस के बारे में इस जागरूकता पर प्रसन्नता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने आयुर्वेद की पहुँच अधिक लोगों तक बढ़ाने को लेकर किए गए प्रयासों का जिक्र भी किया।

प्रधानमंत्री ने ड्रोन दीदी कार्यक्रम की सफलता का जिक्र भी किया।

****